जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-17 | जयपुर, सोमवार, 6 मई, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित





**जोधपुर (हमारा वतन)।** राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए करें। उन्होंने फुटवियर डिजायन के क्षेत्र में नवाचार अपनाते हुए इस क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात से अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र ने जोधपुर में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता विकास जरूरी है। नई पीढ़ी नौकरी करने की सोच की बजाय रोजगार प्रदाता बने। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में पाठ्यक्रम अपडेट किए जाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि एफ.डी.डी.आई जोधपुर फैशन एवं फुटवियर तकनीक से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संस्थान है। संस्थान का मुख्य ध्येय शिक्षा के साथ हस्तशिल्प कौशल को बढ़ावा देना है। विश्वभर में आज फुटवियर एवं फैशन उद्योग जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसे दृष्टिगत रखते हुए यह संस्थान भविष्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में फुटवियर एवं फैशन उद्योग से जुड़े विश्व के उत्कृष्ट एवं निपुण डिज़ाइनर तैयार हों। तथा प्रयास करे कि डिजाइनिंग के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट संस्थान बने। वैश्विक बाजार मांग के अनुरूप भारत इस क्षेत्र में अग्रणी बने यह हम सबका प्रयास हो उन्होंने कहा कि संस्थान एथलेटिक और गैर एथलेटिक फुटवियर की श्रेणीवार बाजार मांग का अध्ययन कर फुटवियर उत्पादों के विकास के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी शिक्षा का प्रबंधन करे, जिससे विद्यार्थी वैश्विक बाजार मांग के दृष्टिगत अपने आपको तैयार कर सकें।

इससे पहले राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने वर्ष 2022 एवं 2023 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन और फैशन डिजाइन में ओवरऑल टॉपर को तीन स्वर्ण पदक एवं कोर्स टॉपर को पांच रजत पदक प्रदान किए गए। समारोह में कुल 153 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित गई। इनमें बैच 2022 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन के 16 विद्यार्थी एफडीडीआई गुना कैंपस के भी शामिल हैं। समारोह में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार, इंस्टीट्यूट का स्टाफ, विद्यार्थी, अभिभावक सहित आमजन उपस्थित रहे।

## वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने मतदान दिवस पर किया पौधारोपण

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** हर अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण का संदेश देने वाले वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद सोनी ने अपने मतदान पार्टी के साथ राजकीय जूनियर हाईस्कूल सुन्द्राणा कीर्तिनगर मतदान बूथ पर सेक्टर मजिस्ट्रेट अरविंद सिंह रावल व पुलिस अधिकारी राजेंद्र शुक्ला की गरिमामय उपस्थिति में अनार व बोटलब्रास के पौधों का रोपण किया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी राइका मरोड़ा, सकलाना में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं। दो गढ़वाल संसदीय क्षेत्र लोकसभा चुनावों में उनकी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के पद पर लगी हैं उन्होंने रा.जू. हाई स्कूल सुन्द्राणा में अपने पोलिंग पार्टी के साथ बूथ पर पौधारोपण किया। डॉ. सोनी की जिस बूथ पर तैनाती होती हैं वे उस बूथ पर पौधे लगाकर आते हैं।



डॉ. सोनी ने कहा कि हमें चुनावों को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी हैं। मैने कई बार जिला निर्वाचन अधिकारी से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में अपनी ड्यूटी लगाने की मांग की और जहां भी मेरी ड्यूटी लगती हैं। उस बूथ पर अपने यादों के रूप में पौधे लगाकर आता हूँ। यह कार्य में कई सालों से करते हुए आ रहा हूँ। सेक्टर मजिस्ट्रेट अरविंद सिंह रावत ने वृक्षमित्र की यह बहुत सराहनीय पहल कहा। वे जहां भी जाते हैं अपने हरे वस्त्रों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश के साथ पौधारोपण की अपील भी करते हैं। पौधारोपण में पुलिस अधिकारी राजेंद्र शुक्ला, प्रथम मतदान अधिकारी बिजेंद्र प्रसाद, द्वितीय मतदान अधिकारी रोशन लाल, तृतीय मतदान अधिकारी अंकित सिंह, डीएचजी रामचरण, होमगार्ड सरदार सिंह रावत, बीएलओ बीना डबराल, वेब कमरा सोनी रावत आदि उपस्थित रहे।



## साईं मंदिर में हुआ विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर में साईं भक्त श्रवण मीणा के द्वारा विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया। साईं भक्त श्रवण मीणा ने कहा कि पुण्य की जड़ सदा हरी रहती है। अपनी कमाई का कुछ हिस्सा परोपकार में जरूर लगाना चाहिए। मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने पर कन्या प्रसादी का आयोजन करते हैं। बाबा के दर पर जो भी सच्ची प्रार्थना करता है उसको फल जरुर मिलता है। आज गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबानों के लिए परिंडे भी लगाए गए।

इस दौरान सीताराम मीणा, सतीश मीणा, हितेश मीणा, नरेंद्र मीणा, कुशऐश मीणा, सीता देवी, लक्ष्मी देवी, सरोज देवी, कशिश, सुनीता, गीता, मोनिका, अंजलि नाथावत, आयुषी नाथावत, अनुष्का नाथावत, सौम्या राठौड, अजय पारीक, राजेंद्र सिंह चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जनसेवक रविकान्त शर्मा ने सरपंच को लिखा पत्र, मांगे पूरी नहीं करने पर अनशन की दी चेतावनी

**जयपुर (हमारा वतन)।** जनसेवक और विधायक प्रत्याशी 2018 विधानसभा चौमूं रविकान्त शर्मा ने ग्राम की विभिन्न समस्याओं को लेकर फतेहपुरा सरपंच को पत्र लिखा है। पत्र में ग्राम पंचायत फतेहपुरा बांसा में साफ-सफाई, पेयजल, रोजगार, सड़क दुरुस्तीकरण,रोड लाईट, कचरापात्र रखवाना, मृत पशुओं के निस्तारण आदि के सम्बन्ध में ध्यान आकर्षित करवाया है। जिनमे सम्पूर्ण ग्राम पंचायत की नियमित साफ सफाई, मुख्य स्थानों पर कचरापात्र रखवाने।

मुख्य स्थानों पर रोड लाइट की व्यवस्था करना, आज तक लम्बित पटटों का तुरन्त निस्तारण। ग्राम पंचायत में संचालित मनरेगा योजना में अप्रैल 2024 से रोजगार मांगने वाले एवं रोजगार दिये गये व्यक्तियों की सूची, ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करना। जनवरी 2020 से करवाये जा रहे विकास के कार्यों में प्राप्त आय व व्यय की गई राशि का विवरण सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करना। ग्राम पंचायत में आबादी क्षेत्र में सुबह शाम दोनों समय पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करना। ग्राम पंचायत के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना आदि मांगों को सात दिवस में पूर्ण करवाने की मांग की। मांग पूरी नहीं करने पर अनिश्चित कालीन अनशन किया जाएगा।



आरोप लगाया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी 13 फ़रवरी को पत्राचार किया था जिस पर अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। अपितु कागजों में ही ग्राम पंचायत में साफ सफाई व्यवस्था होना बताया जा रहा है। नालियां एवं रास्ते गंदगी से भरे पड़े है जिससे वे कई गंभीर बीमारियों को पनपने का खुला निमंत्रण दे रहे है। जबकि केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छता एवं पेयजल, रोजगार आदि पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत की इस प्रकार की दुर्दशा देखकर आपस में सफाई के बारे में बात करते हैं तब पंचायतवासियों का सिर शर्म से झुक जाता है।

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने रविंद्र हस्तरेखा पुस्तक का किया विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर सिटी पैलेस में तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की लिखित पुस्तक रविंद्र हस्तरेखा का विमोचन डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने किया।



आचार्य ने बताया कि इस पुस्तक में हस्तरेखा विज्ञान के बारे में सरल पद्धति से समझाया गया है। इसका सभी लोगों को लाभ मिल पाएगा। इस पुस्तक के द्वारा मानव समाज का कल्याण होगा उन्हें मार्गदर्शन मिलेगा। इस दौरान श्याम प्रेमी पंकज गोयल, मनोज कुमार ,सुमित शर्मा ,रेखा जांगिड़, अमित अग्रवाल, मोहित कुमावत,समर सिंह, गोपाल भाई, डॉ. विमल अग्रवाल, मोहित सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर




**चौमूं (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयपुर रोड, गणेश विहार द्वितीय स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल, मीशा हॉस्टल और लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 70 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर संयोजक हॉस्पिटल निदेशक डॉ. आरके सैनी, बंटी सैनी और दिनेश सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं की हौसला अफ़ज़ाई के लिए पानी का कैंपर और प्रमाण पत्र भेंट किया गया।

सत्यम ब्लड बैंक जयपुर के निदेशक रामेश्वर प्रसाद सैनी ने बताया कि रक्तदान महादान है। हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि रक्त की एक बूंद से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है बल्कि शरीर में एक नई स्फूर्ति आती है। इस दौरान डॉ.रोशन तंवर ,दीपक, महेंद्र, अजय, सोहन सैनी, गजानन्द सैनी, प्रमोद शर्मा, बंशीधर सैनी, शंकर,सुनील सैनी सहित कई लोग लोग मौजूद रहे।

# जॉय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने लगाया वाटर कूलर

**जयपुर (हमारा वतन)।** गर्मी के मौसम में जब पानी की एक घूंट व्यक्ति को मिल जाए तो वह बडी राहत महसूस करता है। ऐसे में सामाजिक संस्थाएं अपना दायित्व निभाते हुए यदि प्याऊ लगाती हैं तो यह पुण्य कार्य कहा जाता है।यह बात जॉय स्टेनो एंड टाइपिंग इंस्टिट्यूट के संचालक प्रमोद शर्मा ने जॉय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री तालाब वाले बालाजी प्रांगण में वाटर कूलर के शुभारम्भ अवसर पर कही । सोसाइटी सदस्यों ने हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित विशाल मेला एवं भजन संध्या कार्यक्रम में आए सभी लोगों को शीतल जल पिलाकर सेवा कार्य किया गया ।

सोसाइटी सचिव प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस सेवा कार्य में सोसाइटी के सभी सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर तन-मन से सेवा कार्य किया। मेले में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा व विद्यार्थियों को हौसला अफ़ज़ाई के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।



इस दौरान किशन लाल शर्मा, राधा शर्मा, बंशीधर सैनी, नरेंद्र सिंह निर्माण, रामजीलाल शर्मा, नवीन सोनी, संजय पारीक, धीरज सोनी, दरियाव सिंह, मोहित कुलदीप, आँचल शर्मा, मनीषा जाट, अमित यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।



# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 137 मरीज हुए लाभान्वित

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कालाडेरा में आयोजित निःशुल्क कान, नाक, गला रोग शिविर में मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी भगवान सहाय शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रदेश महासचिव बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि निःशुल्क कान, नाक, गला शिविर मे डॉ. सुधांशु पांडे एवं डॉ. महेंद्र वर्मा ने 137 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां देकर अपनी सेवाएं प्रदान की ।

इस दौरान प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश रीडर, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन श्रीराम शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्य प्रकाश पारीक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, संतोष नागर, संजय कुमावत,शंकर लाल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# मोरीजा काली पहाड़ी पर फिल्माए अनमोल जीवन शॉर्ट फिल्म के दृश्य

**चौमूं (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्माणाधीन शॉर्ट फिल्म अनमोल जीवन के कुछ दृश्य चौमूं तहसील के ग्राम मोरीजा स्थित काली पहाड़ी पर फिल्माए गए।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि मोरीजा स्थित काली पहाड़ी पर कलाकार अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, राजेश कुमार सेन, संदीप शर्मा पर दृश्य फिल्माए गए। फिल्म में दिखाया गया है कि यह हमारा मानव जीवन 84 लाख योनियों के चक्र के गुजरने के बाद मिलता है,



इसलिए जीवन अनमोल है, आत्महत्या करना किसी समस्या का समाधान नहीं । इस शॉर्ट फिल्म को इंडिया (INDIA) यू ट्यूब चैनल पर जल्द ही रिलीज़ किया जाएगा ।

शॉर्ट फिल्म के मुख्य कलाकार अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, राजेश कुमार सेन, संदीप शर्मा ,मोहन सैनी, मनीषा देवंदा और हंसा हैं।गौरतलब है कि हनुमान जन्मोत्सव पर रिलीज़ हुई शॉर्ट फिल्म हनुमान को दर्शकों ने बहुत प्यार दिया है, जल्द ही उसके दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू की जाएगी । अगर आपने अभी तक फिल्म नहीं देखी है तो इस लिंक पर क्लिक करके देख सकते हैं - https://www.youtube.com/channel/UCNSgLoMIYBkNfFotOo8Et_g



# सिक्किम प्रोफेशनल युनिवर्सिटी में आयोजित हुआ एबीवीपी का स्नेह मिलन समारोह

**सिक्किम (हमारा वतन)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिक्किम प्रांत के विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सिक्किम प्रोफेशनल युनिवर्सिटी के सेमीनार हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान रहे । मुख्य अतिथि आशीष चौहान ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के सिक्किम प्रांत से आए विभिन्न पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये एबीवीपी के कार्यक्रमों को, नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सिक्किम प्रोफेशनल युनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रोफेसर रमेशकुमार रावत ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं एबीवीपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चोहान का खादा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से आये विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान किया गया।

# आरएचआई मैग्निष्ठा कंपनी ने लगाया आई कैंप

**भिवाड़ी (हमारा वतन)।** आरएचआई मैग्निष्ठा कंपनी,राजस्थान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा खैरथल - तिजारा जिले के भिवाड़ी में डीटीओ राजीव चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला परिवहन कार्यालय में आँखों का कैम्प आयोजित कर लोगों की आँखों से संबंधित सम्पूर्ण समस्याओं का समाधान किया गया। कैंप में कुशल चिकित्सकों द्वारा सैंकड़ों ड्राइवर एवं आम जन की आँखों का इलाज किया गया । परिवहन विभाग भिवाड़ी डीटीओ राजीव चौधरी ने कहा कि आरएचआई कंपनी द्वारा लोगों के लिए जो काम किया जा रहा है ये बड़ा ही नेक और सराहनीय कदम है। भिवाड़ी आरटीओ दीपक ने कहा के प्रत्येक व्यावसायिक संस्थान अगर आरएचआई मैग्निष्ठा से सीख ले कर जनहित में अपना योगदान करे तो देश में हर समस्या का निदान हो सकता है । इस अवसर पर ईनाया फाउंडेशन के टीम मेंबर रोहित शर्मा ने फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। वेदप्रकाश, पुष्पेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे ।



## निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता ही लोकतंत्र की शक्ति का आधार : कर्नल राज्यवर्धन

जयपुर(नि.सं.)। उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले, जनसरोकार की पत्रकारिता के पैरोकार और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सशक्त प्रहरी के रूप में कार्यरत समस्त पत्रकार साथियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

# इंडिया यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई शॉर्ट फिल्म हनुमान

**जयपुर (हमारा वतन)।** हनुमान जन्मोत्सव पर इंडिया यूट्यूब चैनल की बहु प्रतीक्षित शॉर्ट फिल्म हनुमान का चौमूं तहसील के उदयपुरिया ग्राम स्थित परशुरामपुरी मंदिर के महंत नृसिंहपुरी महाराज ने बटन दबाकर रिलीज किया। इससे पहले इंडिया चैनल की टीम और कलाकारों द्वारा नृसिंहपुरी महाराज को फूल माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।



महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति को जीवित रखने के लिए जो आप कार्य कर रहे हैं उसमें आपको सफलता मिले, यही भगवान से प्रार्थना है ।

अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र एक गणना पर आधारित है, जिसका जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, लेकिन कर्म भी जरूरी है। फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि हमारी इस फिल्म में ज्योतिष, विज्ञान और कर्म का बैलेंस दिखाया गया है, जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। हमारे इंडिया यूट्यूब चैनल पर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई शॉर्ट फिल्मों, गानों और फिल्मों का निर्माण किया जाएगा, जिससे समाज में जागरूकता फैले। फिल्म के रिलीज होते ही हजारों दर्शकों ने फिल्म को हाथों हाथ लिया।

इस दौरान दी न्यूज वर्ल्ड 24 के चैनल हेड दिनेश कुमार कुमावत, ब्लॉक कांग्रेस चौमूं के प्रवक्ता राजेश कुमार वर्मा, कलाकार संदीप शर्मा और मोहन सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# अजय चौहान जिलाध्यक्ष पद पर हुए मनोनीत

**जालौर (हमारा वतन)।** जालोर जिले के गांव सरदारगढ़ के मूल निवासी मेघवाल समाज के कर्मठ, जुझारू तथा लग्नशील समाजसेवी होने की वजह से अजय चौहान को राजस्थान मेघवाल समाज के जालौर जिलाध्यक्ष के पद मनोनीत किया गया है । आपको बता दें कि राजस्थान मेघवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल डेनवाल जयपुर तथा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सांगीलाल मेघवाल बीकानेर के आदेशानुसार अजय चौहान को जालौर जिलाध्यक्ष के पद पर उन्हें मनोनीत कर जालौर जिले की कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया। चौहान समय की मांग के अनुसार वंचित समाज के कारवां को घर घर तक पहुंचा कर इस संगठन को मूर्त रूप देने में मदद करने का कार्य प्रमुखता से करेंगे।



## जॉब्स -

1. आरपीएफ, पद कांस्टेबल, पद संख्या 4208, अंतिम तिथि 14 मई 2024
2. आरपीएफ, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 452, अंतिम तिथि 14 मई 2024
3. भारतीय नौसेना, पद अग्निवीर एसएसआर, एमआर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 27 मई 2024
4. यूपीएससी, पद असिस्टेंट कमांडेंट, पद संख्या 506, अंतिम तिथि 14 मई 2024
5. डीआरडीओ, पद आईटीआई अप्रेंटिस, पद संख्या 127, अंतिम तिथि 31 मई 2024
6. आर यू एच एस, पद मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 172, अंतिम तिथि 21 मई 2024
7. डॉ बी आर अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली, पद प्रोफेसर, पद संख्या 67, अंतिम तिथि 15 मई 2024
8. एम्स गोरखपुर, पद ग्रुप ए पोस्ट, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 21 मई 2024




# काजोल संग किसिंग सीन,पाकिस्तानी एक्टर ने बताया कैसा था पत्नी-बेटी का रिएक्शन, कहा- शर्मिंदगी...

पाकिस्तानी एक्टर अली खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी काम करते हैं। साल 2023 में अली खान काजोल संग द ट्रायल वेब सीरीज में नजर आए थे। इस सीरीज के दौरान अली खान और काजोल के बीच एक किसिंग सीन हुआ था। इस सीन की काफी चर्चा हुई थी। अब पाकिस्तानी एक्टर ने बताया है कि उस किसिंग सीन पर उनकी पत्नी और बच्चों का क्या रिएक्शन था।दीपक परवानी के शो आप की कहानी में अली खान अपनी पत्नी चांदनी के साथ पहुंचे थे। इस शो के दौरान ही अली ने किसिंग सीन पर अपनी पत्नी और बेटी का रिएक्शन बताया और साथ ही किसिंग सीन को फिल्माने के पूरे प्रोसेस पर बात की। अली से शो के होस्ट ने पूछा कि किसिंग सीन पर उनके बच्चे किस तरह रिएक्ट करते हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उनके बच्चे उनका काम देखना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन अगर वो उन्हें कोई प्रोजेक्ट देखने पर मजबूर करें तो वो देख लेते हैं।



**रिहर्सल पर क्या बोले अली?**

इसके बाद, अली से सवाल किया गया कि क्या स्क्रीन पर एक्ट्रेस को किस करना मुश्किल होता है? कैसे वो लोग इंटिमेट सीन प्लान करते हैं? इसके जवाब में अली ने कहा, जाहिर सी बात है रिहर्सल के बिना तो कुछ नहीं होता, लेकिन रिहर्सल का मतलब ये तो नहीं कि आप वाकई एक दूसरे को किस करेंगे। रिहर्सल का मतलब होता है कि जितने लोग भी उस शॉट में इंवॉल्व हों, वो सब एक पेज पर ही हों। फिजीकल किसिंग प्रोसेस मैकेनिकल होता है। उन्होंने कहा कि रिहर्सल इसलिए की जाती हैं ताकि एक्टर्स को रीटेक ना लेना पड़े।

**हां करने से पहले पत्नी से की थी चर्चा**-वहीं, इंटिमेट सीन को फिल्माने के प्रोसेस पर बात करते हुए अली ने कहा कि मुझे किसिंग का अनुभव है क्योंकि मैं पिछले 20 साल से शादीशुदा हैं। वहीं, द ट्रायल में किसिंग सीन की बात करते हुए अली ने बताया कि उन्होंने काम को हां करने से पहले अपनी पत्नी से इस बारे में चर्चा की थी।

# अंकिता लोखंडे ने करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 को किया रिजेक्ट

टीवी की फेमस एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में काम करने से मना कर दिया है। खबरों की मानें को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 फिल्म नहीं बल्कि वेब सीरीज होगी।बिग बॉस सीजन 17 में नजर आई अंकिता लोखंडे घर से बाहर निकलने के बाद अंकिता लोखंडे लगातार काम करती नजर आ रही हैं। शो से बाहर आने के बाद अंकिता लोखंडे ने रणदीप हुड्डा के साथ फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में काम किया। फिल्म में उनके रोल के लिए उन्हें बहुत सी तारीफें भी मिलीं। अब खबर है कि अंकिता लोखंडे को करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 के लिए रोल ऑफर हुआ था।



**SOTY 3 में काम करने से किया मना**-एक रिपोर्ट के मुताबिक, अंकिता लोखंडे के एक करीबी सूत्र से पता चला है कि उन्हें करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए रोल ऑफर हुआ था। हालांकि, बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट रह चुकीं अंकिता ने SOTY 3 में काम करने से मना कर दिया है। **फिल्म नहीं वेब सीरीज होगी SOTY 3**-सूत्र के मुताबिक, अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 के लिए अप्रोच किया गया था। उन्होंने कहा कि अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर में क्या रोल मिला था उसकी जानकारी नहीं है, मगर अंकिता ने ऑफर रिजेक्ट कर दिया है। किसी को नहीं पता है कि अंकिता लोखंडे ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर में काम करने से क्यों मना किया है। बता दें, स्टूडेंट ऑफ द ईयर फिल्म नहीं बल्कि वेब सीरीज होगी। इस वेब सीरीज में करण जौहर शनाया कपूर और इब्राहिम अली खान को लॉन्च करने का प्लान कर रहे हैं। बता दें, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 1 साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा को लॉन्च किया गया था। वहीं, स्टूडेंट ऑफ द ईयर साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, अनन्या पांडे और तारा सुतारिया लीड रोल में नजर आए थे।




# गला सूखना और मांसपेशियों में ऐंठन हो सकते हैं डिहाइड्रेशन संकेत



गर्मियों के मौसम में खुद को हाइड्रेटेड रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। यहां वे लक्षण दिए गए हैं, जो शरीर में पानी की कमी की ओर संकेत करते हैं। मानव शरीर में 70 फीसदी पानी है। इसलिए ऑक्सीजन के बाद जीवित रहने के लिए जिस तत्व की सबसे ज्यादा जरूरत है, वह पानी ही है। किसी के भी शरीर में जब पानी की कमी होने लगती है, तो वह थकान, कमजोरी, चक्कर आना, मांसपेशियों में ऐंठन आदि की चपेट में आ सकता है। ये सभी डिहाइड्रेशन के संकेत हैं, जिनका गर्मियों के मौसम में ज्यादा सामना करना पड़ता है। यहां कुछ जरूरी सुझाव हैं, जिनका गर्मियों के मौसम में आपको विशेष ध्यान रखना चाहिए।शरीर में एक निश्चित मात्रा के नीचे पानी का लेवल चले जाने पर डिहाइड्रेजन की शिकायत हो जाती है. ऐसे में इस समस्या से जूझ रहे शख्स का शरीर ठीक ढंग से काम नहीं कर पाता है। बॉडी में लिक्विड के लेवल के आधार पर पता चल पाता है कि डिहाइड्रेशन किस स्तर का हुआ है।

**क्यों हो जाती है पानी की कमी या डिहाइड्रेशन**-रोजमर्रा के क्रियाकलापों को दौरान, शरीर से पसीना, पेशाब, शौच, आंसू व लार (थूक) के जरिए शरीर से पानी निलता रहता है। इसकी भरपाई बाहर से पानी पीने और तरल पदार्थों के सेवन से की जाती है। पर अगर आपके शरीर से काफी मात्रा में पानी बाहर निकल जाए और उसकी आप भरपाई अपने खान-पान के जरिए नहीं कर पाते हैं तो डिहाइड्रेशन की शिकायत हो जाती है।

**डिहाइड्रेशन की शिकायत इन खास परिस्थितियों में ज्यादा होती है**-बुखार, दस्त , उल्टी, बहुत ज्यादा पसीना आने से ,कई बार पेशाब होने से आमतौर पर व्यस्तता के चलते लोग पानी भूल जाते हैं। कई बार जब हमें प्यास लगती है, हम उसे भूख समझकर कुछ खाना शुरू कर देते हैं। जबकि कई बार गले में खराश होने के कारण भी हम पानी पीने से बचते हैं। कुछ महिलाएं सफर में पानी पीने से बचती हैं, कि उन्हें वॉशरूम न जाना पड़े। ये सभी कारण मिलकर डिहाइड्रेशन को जन्म दे सकते हैं।

**यह है कम या मध्यम डिहाइड्रेशन के लक्षण**-मुंह का सूखापन, बहुत देर तक पेशाब न लगना, गाढ़े पीले रंग का पेशाब होना, सूखी, ठंडी त्वचा, सिर में दर्दमांसपेशियों में ऐंठन

**गंभीर डिहाइड्रेशन के लक्षण**-पेशाब न होना या फिर उसका रंग बहुत ज्यादा गाढ़ा पीला होना, त्वचा का काफी सूखा होना, कमजोरी व चक्कर जैसा महसूस होना, दिल की धड़कन का तेज हो जाना, सांस तेजी से लेना ,आंखों का सामान्य से काफी ज्यादा धंस जाना, नींद न आना, कमजोरी महसूस होना और चिड़चिड़ापन महसूस होना। सामान्यतः बेहोश हो जाना

**बच्चों में भी हो सकती है डिहाइड्रेशन**-मुंह और जीभ का सूखा पड़ जाना , रोते समय आंसू न आना नींद न आना, , कमजोरी महसूस होना और चिड़चिड़ापन होना, खोपड़ी का ऊपरी हिस्सा सामान्य से ज्यादा धंसा हुआ लगना।, आंखे और गाल सूख जाने जैसा महसूस होना, डिहाइड्रेशन से बचने के लिए रखें इन बातों का ध्यान, गर्मी के दिनों में डिहाइड्रेशन की शिकायत न हो उसके लिए समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में लिक्विड लें।, आहार में तरल पदार्थों जैस सूप, दलिया, दालों आदि को शामिल करें।, इसके साथ ही छाछ, लस्सी, शिकंजी आदि भी डिहाइड्रेशन से बचा सकती हैं।छोटे बच्चों को चीनी और नमक का पानी पिलाया जा सकता है। जो बच्चे मां के दूध पर निर्भर हैं, उनके लिए स्तनपान सर्वोत्तम उपचार है।



# त्वचा संबंधी सभी समस्याओं का इलाज हो सकता है टूथपेस्ट

यदि आपको भी DIY बहुत पसंद हैं, तो आपको टूथपेस्ट का उपयोग करके इस हैक को ज़रूर आज़माना चाहिए। क्या आपने कभी सोचा है कि दातों पर लगाने वाला टुथपेस्ट कभी त्वचा को सुंदर बनाने के लिए भी काम आ सकता है? यकीन नहीं होता न? हमें भी नहीं हुआ था। हमें भी ये विचार बेतुका लगता था और लगता था कि कहीं ये साइड इफेक्ट न कर दे। मगर क्या आप जानती हैं कि यह वाकई स्किन पर जादू की तरह काम करता है।

**तो चलिये जानते हैं कि त्वचा के लिए कैसे फायदेमंद है टूथ पेस्ट?**

**तुरंत चमक प्रदान करे**-सबसे पहले सफेद वाले टूथपेस्ट लें। इन टूथपेस्टों में वाइटनिंग एजेंट होते हैं जो तुरंत चमक देने में मदद कर सकते हैं। फिर एक कटोरी में कुछ टूथपेस्ट लें, एक चम्मच शहद और कुछ गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को समान रूप से त्वचा पर लगाएं और इसे 10 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर इसे नॉर्मल पानी से धो लें। इसके बाद मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

**टूथपेस्ट मुंहासों के लिए सबसे सही है**-पीरियड्स के दौरान पिंपल्स हो जाना आम बात है। तो ऐसे में अपनी तर्जनी उंगली पर एक मटर के दाने के बराबर टूथपेस्ट लें और उसे प्रभावित जगह पर लगाएं और रात भर सूखने दें। सुबह धोने पर आप देखेंगी कि फुंसी का आकार और लालिमा काफी कम हो चुकी होगी। लेकिन क्या आप जानती हैं ऐसा क्यों होता है? टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा और हाइड्रोजन परॉक्साइड होता है, जो पिंपल को सुखाने के लिए जाना जाता है।

**ब्लैकहेड्स भी करे दूर**-आप मोतियों जैसे क्रिस्टल वाले टूथ पेस्ट का इस्तेमाल अपने ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए कर सकती हैं। आपको जानकार हैरानी होगी कि यह टी-ज़ोन को इतनी अच्छी तरह से एक्सफोलिएट करता है कि आपको क्लेंजिंग के लिए कहीं बाहर जाने की ज़रूरत नहीं है।लेकिन लेडीज, इससे पहले कि आप इन हैक्स को ट्राई करें। यदि आपकी त्वचा बहुत संवेदनशील है या अत्यधिक शुष्क है, तो अपनी कलाई पर पैच टेस्ट ज़रूर करें। आप इस टेस्ट को अपनी गर्दन के पिछले हिस्से पर भी कर सकती हैं। यदि आप जलन महसूस करती हैं, तो टूथपेस्ट को छोड़ दें, क्योंकि यह संकेत है कि यह हैक आपके लिए नहीं है।इसके अलावा, यह बहुत अच्छा होगा यदि आप टूथपेस्ट को कुछ सुखदायक एजेंट जैसे शहद, गुलाब जल आदि के साथ मिलाएं, इससे टूथपेस्ट आपकी त्वचा पर कोमल रहेगा। ऐसे टूथपेस्ट का चुनाव करें जिसमें सल्फेट कम या बिल्कुल भी न हो।

एक और टिप जो काम आएगी वह यह है कि आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह अधिक सूख न जाए अन्यथा इसके प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं।

# ओह कान्हा (कविता)

ओह कान्हा,ये मूर्ख लोग
मैंने उसे चुना या उसने
मुझे चुना है।
कुछ समझ ना पाऊं ...!!
किंतु हर पल मैं तेरे ही गुण गाऊं !
ओह कान्हा...!!
समझदारी वाली बातें करूँ तो
सबके लिए बुद्धिमान बन
जाती हूँ !
और जब कृष्ण का जिक्र करूँ तो
पागल कहलाती हूँ !!
तुम्हरा प्रेम दुनिया को बतलाऊ
तो दुनियाँ हंसती है !
कैसे समझाउं मूर्खों को
मेरी जान तो कृष्ण में बसती है।
ओह कान्हा...!!
तुमने मुझे सहना सिखा दिया !
दुखों में रहना सिखा दिया !
लाख तानो में रहती हूँ !
मुझे हर पल मुस्कुराना
सिखा दिया !
ओह कान्हा...!!
जब खुद को अकेला पाती हूं !
स्वयं को तुम्हारे पास ले आती हूं।
जब भी तुम्हारी याद आवे !
हृदय के भाव,आंसुओं से निकले
ये आंसू भी अनमोल
और पवित्र कहलाए।
इस पागल दुनियां की रीत !
मैं भला समझ न पाई !
कोई किसी का नहीं यह बात
तुम्हीं ने मुझे समझायी
रखना केवल और केवल
मुझ पर अपनी परछाई।।



**पूजा गाडिया**
लोहार, झालावाड़

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# 'करीबी रिश्तेदारों' का दायरा बढ़ाए सरकार!



राम गोपाल सैनी

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में हाल ही में कहा कि अपने भाई को किडनी डोनेट करना हो तो महिला के लिए पति की इजाजत लेना जरूरी नहीं है। दरअसल, अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में कहा था कि किडनी डोनेट करने से पहले महिला को पति से NOC लेना होगा।किडनी या अन्य अंग डोनेट करने को लेकर कानूनी प्रावधान बने हुए हैं। लेकिन जब कोई महिला अपने भाई या बहन को अंग डोनेट करना चाहती है तो अस्पताल प्रशासन उसे अपने लाइफ पार्टनर से अनुमति लेने को कहता है। दिलचस्प है कि जब महिला अपने पति को ऑर्गन डोनेट करती है, तब कोई सवाल नहीं उठता। सवाल तभी उठता है जब महिला अपने ब्लड रिलेशन वाली फैमिली में ऑर्गन डोनेट करना चाहती है। इस लिहाज से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला काफी अहम माना जा रहा है। ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एंड टिसू एक्ट 1994 के तहत ऑर्गन डोनेशन के लिए नियम तय किए गए हैं। इस कानून की धारा-9 नजदीकी रिश्तेदार द्वारा लिवर डोनेशन की इजाजत देती है। नजदीकी रिश्तेदारों में पति, पत्नी के अलावा बेटा, बेटी, पिता, माता, भाई, बहन, दादा, दादी, पोता और पोती को रखा गया है। यानी ये सब एक-दूसरे को लिवर डोनेट कर सकते हैं। इस कैटिगरी में कजन को नहीं रखा गया है।मौजूदा दौर में सिंगल पैरेंटिंग के काफी मामले दिखते हैं। बहुत से कपल सिर्फ एक बच्चा पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में पैदा होने और पलने-बढ़ने वाले बच्चे को अगर किसी विशेष परिस्थिति में किसी ऑर्गन की जरूरत पड़ जाए तो उसके लिए संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। क्योंकि ऐसे बच्चों को न भाई होते हैं और न बहन। जो नियम है उसमें कजन को ऑर्गन देने या लेने की इजाजत नहीं है। पिछले साल ऐसा एक मामला आने पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल के कजन के लिए लिवर डोनेट करने की इजाजत दी थी। तीन साल के बच्चे की जिंदगी बचाने और कानून के शब्दों पर सख्ती से अमल करने के बीच कोई एक विकल्प चुनना था और कोर्ट ने जिंदगी बचाने का विकल्प चुना। उस मामले में 31 साल के डोनर और उसके 3 साल के कजन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर लिवर ट्रांसप्लांटेशन की इजाजत मांगी गई थी। इसी तरह 12 साल पहले दिल्ली हाई कोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया था, जब किडनी लेने और देने वालों के बीच कोई रिश्ता नहीं था। 2012 के उस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला की अर्जी का निपटारा करते हुए कहा था कि प्यार और स्नेह के आधार पर किडनी डोनेशन किया जा सकता है। स्नेह और प्यार सिर्फ नजदीकी रिश्तेदारों से हो, यह जरूरी नहीं। कई बार यह दूर के रिश्तेदार से भी मिल सकता है। जो रिश्तेदार नहीं हैं उनसे भी स्नेह मिल सकता है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट इन इंडिया विषय पर रिसर्च कर चुकी अंजू वली टिक्कू का मानना है कि देश भर में हर साल एक लाख लोगों को किडनी की जरूरत पड़ती है। इनमें सिर्फ पांच फीसदी को वैध तरीके से किडनी मिल पाती है। यानी किडनी की डिमांड काफी ज्यादा है, लेकिन उपलब्धता कम। भारत में विदेश की तर्ज पर ऑर्गन बैंक भी नहीं है। इंडियन मेडिकल असोसिएशन एक्शन कमिटी के चेयरमैन विनय अग्रवाल बताते हैं कि कानून का उद्देश्य अवैध कारोबार को रोकना है, लेकिन जरूरी यह भी है कि जरूरतमंदों को ऑर्गन मिले और अमूल्य जीवन बचाया जा सके। पति, पत्नी और नजदीकी रिश्तेदार कानूनन एक-दूसरे को किडनी दे सकते हैं। लेकिन कई बार मेडिकल टेस्ट अप्रूव नहीं होता है। विदेश में सात-सात दिन तक बॉडी को सुरक्षित रखा जाता है ताकि परिवार की सहमति लेकर ऑर्गन बचाए जा सकें और जरूरतमंदों की मदद के वास्ते उन्हें आर्गन बैंक में रखा जा सके। हजारों लोग हमारे यहां सड़क हादसे में अपनी जान गंवा देते हैं। समय रहते अगर व्यवस्था की जाए तो सड़क हादसे में जान गंवा चुके लोगों की किडनी और दूसरे अंगों का इस्तेमाल अन्य लोगों की जान बचाने और मदद के लिए किया जा सकता है।



### समीक्षा बैठक-राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

## गाइडलाईन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करें : शासन सचिव, स्कूल शिक्षा

जयपुर(नि.सं.)। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाईन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करें। कुणाल शिक्षा संकुल में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित कॉलेज शिक्षा, चिकित्सा विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता, जनजाति विकास विभाग को आवंटित टास्क निर्धारित समय पर पूर्ण करने तथा क्रियान्वयन समितियों की बैठक आयोजित कर प्रगति की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक आर्थिक रूप से वंचित, आदिवासी क्षेत्र, घुमन्तु एवं पशुपालक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने तथा मा-बाड़ी केन्द्रों से समन्वय कर कक्षा 4 उत्तीर्ण सभी छात्रों को कक्षा 5 में प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रवेशेत्सव के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों मे पंजीकृत 6 वर्ष के बालकों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें। उन्होंने शत-प्रतिशत साक्षर राजस्थान बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने ड्रॉप आउट रोकने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लेने, छात्रों को स्थानीय इतिहास एवं संस्कृति की जानकारी देने, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के फोर्मेट को सरल बनाने, व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी एवं निजी विद्यालयों में समन्वय कर खेल मैदान, पुस्तकालय, लैब आदि सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को देने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। सामुदायिक गतिशीलता के अन्तर्गत स्थानीय सेवानिवृत्त शिक्षकों को जोड़कर विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों वाले विषयों के अध्ययन की वैकल्पिक व्यवस्था के प्रयास करने तथा आईसीटी लैब से अधिकाधिक छात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में विशिष्ट शासन सचिव, शिक्षा चित्रा गुप्ता, आयुक्त, अविचल चतुर्वेदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक आरएससीईआरटी कविता पाठक, पूनम प्रसाद सागर एवं सुरेश कुमार बुनकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अमेठी में स्मृति ईरानी की नींद उड़ा देंगे कांग्रेस के किशोरीलाल शर्मा: अजय राय

देवरिया(एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के परंपरागत सीट अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने के फैसले के बाद देश की सियासत फिर गर्मा गई है। इसके बाद देश का फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बजाय राहुल गांधी पर हो गया है। वोटरों का फोकस राहुल गांधी से हटाने के लिए पीएम मोदी से लेकर भाजपा के नेताओं की फौज राहुल गांधी पर तंज कस रही है। वहीं आरोप-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया है। इस बीच, यहां उत्तर प्रदेश के कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने दावा किया कि कांग्रेस के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा केंद्रीय मंत्री रही स्मृति ईरानी की नींद उड़ा देंगे। उन्हें अमेठी के एक-एक घर, एक-एक गांव की जानकारी है। उन्होंने यहां 25 साल से भी ज्यादा समय तक काम किया है। निश्चित तौर पर वे स्मृति ईरानी को भारी मतों से हराएंगे। अजय राय शुक्रवार को यहां केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बयान पर मीडिया को प्रतिक्रिया दे रहे थे।

## नदी (कविता)

जीवन दायिनी पतित पावनी का,
हाल हुआ है देखो कितना बेहाल।
दूर से ही सब महिमा बखानते,
करीबी से राखें कोई जो ख्याल।
ऊँचे पर्वतों की गुज़र
दुर्गम राहों से,
नागिन सी बलखाती पथ
पर बढ़ती है। राह आए
छोटे - बड़े
गड्ढों को भरकर, वसुधा
को समतल खेतों में जो गढ़ती है।
मार्ग बीच हरेक मुश्किलों
से टकरा, आंधी तूफान
बाढ़ बवंडर भी सहती है।
झाड़ झंखाड़ बढ़
उबड़ - खाबड़ धरा,
सहजभाव समतल मैदानों
में बहती है। कभी निरव
कभी रोद्र प्रचंड रूप में,
ध्वनि नित कलकल-छलछल
करती है। शीतल नीर की
भरपूर शीतलता से, हरियाली
में होती आच्छादित धरती है।
इस दौर निज स्वार्थ
के हो वशीभूत, लापरवाहों
ने खूबसूरती दी बिगाड़।
सबके हित एक अभियान
चलाकर,दोबारा सौंदर्यता
से हम करें निहाल।
सिंगल यूज़ प्लास्टिक
बंद कर अब, बर्थ डे
ग्रीन फेस्टिवल बतौर मनाएं।
लगा पाबंदी कंकड़ रेत
उत्खनन पर, मिल सब तटों
पर खूब पेड़ लगाएं।
कह विजेता नील नभ
का नीर जब,
सीधा सरिता में आकर मिल
जायेगा। फुरसती पलों
में मनबहलाव खातिर,
तीर बैठे मन
ख़ुशी जन्नत की पायेगा।



महेन्द्र सिंह कटारिया,




### कोचिंग स्टूडेंट बोली

## हॉस्टल में ब्रेकफास्ट टाइम पर नहीं मिलता

### ओवर थिंकिंग से भी होती परेशानी, प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मोटिवेट

कोटा(वि.सं.)। कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की शिकायत सुनकर उनका समाधान करने की कोशिश की जा रही है। लगातार सुसाइड के मामलों के बाद प्रशासनिक अधिकारी स्टूडेंट्स के बीच पहुंचकर उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। इस पहल के तहत संभागीय आयुक्त उर्मिला राजौरिया, जिला प्रशासन की नोडल कोऑर्डिनेटर सुनीता डागा व साइकोलॉजिकल काउंसलर पूर्ति शर्मा ले कोचिंग स्टूडेंट्स से मुलाकात की। छात्राओं ने खुलकर अपने मन की बात कही। छात्राओं ने मुख्य रूप से सोशल मीडिया से खराब होने वाले समय, बिगड़ते टाइम मैनेजमेंट, ट्रेफिक की समस्याएं, कोचिंग में क्लास में आगे-पीछे बैठने, ओवर थिंकिंग के साथ-साथ दिनचर्या और पढ़ाई को लेकर सामने आ रही समस्याओं तक के बारे में बताया।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित, मो. 9214996258, 7014468512
RNI No. 10311/1965
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा